आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 21.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- केंद्र सरकार ने ऋषिकेश के गंगा कॉरिडोर में एच.टी./एल.टी. लाइनों को भूमिगत करने और एस.सी.ए.डी.ए ऑटोमेशन के लिए 547 करोड़ 73 लाख रुपए की स्वीकृति दी।
- गढ़वाल क्षेत्र के लिए बहुप्रतीक्षित नजीबाबाद–कोटद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य तेज़ी से जारी, 40 प्रतिशत काम पूरा।
- देहरादून में एशियाई ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ।
- मौसम विभाग ने प्रदेश के आठ जिलों में आज कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया।

केंद्र स्वीकृति

केंद्र सरकार ने ऋषिकेश के गंगा कॉरिडोर में एच.टी./एल.टी. लाइनों को भूमिगत करने और एस.सी.ए.डी.ए ऑटोमेशन के लिए कुल परियोजना लागत 547 करोड़ 73 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना से बिजली आपूर्ति में पारदर्शिता, निगरानी और त्वरित सुधार की क्षमता विकसित होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परियोजना को अनुमोदित किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश जैसे आध्यात्मिक, पर्यटन और कुम्भ क्षेत्र के लिए यह परियोजना न केवल विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएगी, बल्कि नगर की सौंदर्यकरण, सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस परियोजना को समयबद्ध रूप से लागू करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी, जिससे प्रदेशवासियों को गुणवत्तापूर्ण, सतत और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने इस संबंध में केंद्र सरकार से अनुरोध किया था।

नजीबाबाद– कोटद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग

गढ़वाल क्षेत्र के लिए बहुप्रतीक्षित नजीबाबाद– कोटद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग इस साल दिसंबर तक पूरी तरह से बनकर तैयार हो जाएगा। राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा सदन में पूछे गए अंतरांकित प्रश्न के जवाब में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी दी। श्री गडकरी ने बताया कि नजीबाबाद से कोटद्वार तक 15 दशमलव 5–6 किलोमीटर लंबी सड़क पैडल शोल्डर के साथ दो लेन की बनाई जा रही है। लगभग 107 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस सड़क का अब तक 40 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। विभाग का लक्ष्य है कि दिसंबर तक शेष निर्माण कार्य भी पूरा कर दिया जाए, ताकि मार्ग को पूरी तरह से यातायात के लिए खोल दिया जाए। इसके साथ ही लगभग छह किलोमीटर लंबा कोटद्वार बाईपास हाईवे भी प्रस्तावित है। इस पर चार लेन निर्माण की योजना है। हालांकि, भूमि हस्तांतरण

में देरी के चलते पहले जारी किया गया टेंडर निरस्त करना पड़ा। अब भूमि संबंधी दिक्कत दूर होने पर नई निविदा प्रक्रिया शुरू कर काम को आगे बढ़ाया जाएगा।

गढ़वालवासियों के लिए यह राजमार्ग न सिर्फ़ यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि पर्यटन और व्यापार को भी गति देगा।

<u>विशेष रेलगाड़ियां</u>

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि दीपावली और छठ पर्व के अवसर पर 12 हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए में बिहार के नेताओं के साथ चर्चा के बाद श्री वैष्णव ने यह घोषणा की।

रेल मंत्रालय ने न केवल नई रेलगाड़ियां चलाने, बल्कि कई अन्य योजनाओं और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर भी काम किया है।

<u>बेली ब्रिज</u>

पौड़ी जिले में गढ़वाल और कुमाऊं को जोड़ने वाले बुआखाल–धुमाकोट–रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पाबौ के निकट कलगडी में नवनिर्मित बेली ब्रिज के बन जाने से छोटे वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। पिछले दिनों अतिवृष्टि के चलते यह पुल बह गया था। अब इसके बन जाने से इस क्षेत्र में यातायात संपर्क पुनः स्थापित हो गया है। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि कलगडी में 45 मीटर स्पॉन का बेली ब्रिज बनाया गया है। इसके लिए ऋषिकेश से सामान मंगाकर तत्काल कार्य करवाया गया, जिससे एक बार फिर पौड़ी धुमाकोट मार्ग सुचारु कर दिया गया है।

वहीं, लोक निर्माण विभाग–राष्ट्रीय राजमार्ग खंड, धुमाकोट का कहना है कि जल्द ही पुल को बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए भी पूरी तरह खोल दिया जाएगा।

<u>एशियाई स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता</u>

राजधानी देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में एशियाई ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता शुरु हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पत्नी गीता धामी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का समापन 23 अगस्त को होगा। आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अमिताभ शर्मा ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 11 देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भारत, पहली बार एशियन आइस स्केटिंग प्रतियोगिता की मेज़बानी कर रहा है, जो गर्व की बात है।

## मौसम

मौसम विभाग ने आज उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, नैनीताल, चम्पावत, देहरादून और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही प्रदेश के पर्वतीय जिलों में भी तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच, प्रदेश में भूस्खलन और मलबा आने से करीब 155 सड़कें बाधित हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, बागेश्वर जिले के सभी क्षेत्रों में रात से रुक–रुक बारिश हो रही है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए जिले में कक्षा एक से बारह तक के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है। चम्पावत जिले में देर रात से हो रही बारिश के कारण टनकपुर–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग, स्वाला और धौंन में बाधित है, जबकि आधा दर्जन सम्पर्क मार्ग भी बाधित हैं। राजधानी देहरादून में आज तड़के तेज बारिश हुई और अभी धूप निकली हुई है।

## चौपाल

चमोली जिले में गैरसैंण विकासखंड के मालसी ग्रामी सभा में "सरकार आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत रात्रि ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सुरेश गड़िया, जिलाधिकारी संदीप तिवारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने पेयजल, विद्यालय भवन, खेल मैदान और संपर्क मार्ग सहित विभिन्न समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। श्री गड़िया ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का लक्ष्य गांवों का समग्र विकास है, क्योंकि गांवों की प्रगति से ही प्रदेश और देश की प्रगति संभव है। उन्होंने कहा कि सरकार डीबीटी प्रणाली के माध्यम से योजनाओं की धनराशि सीधे लाभार्थियों तक पहुंचा रही है, जिससे पारदर्शिता व समयबद्धता सुनिश्चित हो रही है। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे पहाड़ की चुनौतियों को समझते हुए सरकार के साथ मिलकर विकास की प्रक्रिया में सहयोग दें। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा उठाई गई समस्याओं का शीघ्र और उचित समाधान किया जाएगा।

## भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने निर्बाध आधार–आधारित ग्राहक सत्यापन के लिए एक निजी उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा प्रदाता स्टारलिंक के साथ सहयोग किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि एक वैश्विक उपग्रह इंटरनेट प्रदाता द्वारा आधार प्रमाणीकरण का उपयोग भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की विश्वसनीयता को दर्शाता है। यह सहयोग आधार पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए सेवा वितरण में नवाचार को सक्षम बनाएगा।